भारत सरकार

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 636
दिनांक 25 जुलाई, 2024

कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट

†636. श्रीमती माला राय :
श्री विजयकुमार उर्फ विजय वसंत:
श्री टी.आर. बालू:

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि पड़ोसी देशों की तुलना में पेट्रोल और हाई स्पीड डीजल की खुदरा बिक्री मूल्य महीनों में उच्च स्तर पर बना हुआ है और अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमतों में अत्यधिक कमी का लाभ उपभोक्ताओं को नहीं दिया जा रहा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है;

(ख) जनता को कम कीमत पर पेट्रोल और डीजल उपलब्ध नहीं कराए जाने के क्या कारण हैं; और

(ग) पेट्रोल और डीजल के मूल्य निर्धारण के संबंध में सरकार की नीति का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री सुरेश गोपी)

(क) से (ग): पेट्रोल और डीजल के मूल्य बाजार निर्धारित हैं और सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियां (ओएमसीज) पेट्रोल और डीजल के मूल्य निर्धारण के संबंध में उपयुक्त निर्णय लेती हैं।

भारत अपनी कच्चे तेल की जरूरतों के 85% से अधिक का आयात करता है। कच्चे तेल के मूल्य (भारतीय बास्केट) 59.35 डॉलर/बीबीएल (अगस्त 2019) से बढ़कर 112.87 डॉलर/बीबीएल (मार्च 2022) तथा आगे और अधिक बढ़ कर 116.01 डॉलर/बीबीएल (जून 2022) हो गए और अत्यधिक अस्थिर बने हुए हैं।

भारत विश्व की एकमात्र बड़ी अर्थव्यवस्था रहा है जहां हाल के वर्षों में पेट्रोल और डीजल के मूल्य कम हुए हैं। नवंबर 2021 और अप्रैल 2024 के बीच कुछ प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में पेट्रोल और डीजल के मूल्यों में बदलाव इस प्रकार हैं:

	नवंबर 2021 और अप्रैल 2024 के बीच मूल्यों में % बदलाव	
देश	पेट्रोल	डीजल
भारत (दिल्ली)	-13.65	-10.97
फ्रांस	22.19	20.17
जर्मनी	15.28	16.47
इटली	14.82	17.38
स्पेन	16.58	18.14
यूके	5.79	9.56
कनाडा	22.07	22.24
यूएसए	19.08	20.25

स्रोत: पेट्रोलियम योजना एवं विश्लेषण प्रकोष्ठ

नवंबर 2021 और अप्रैल 2024 के बीच कुछ पड़ोसी देशों की अर्थव्यवस्थाओं में पेट्रोल और डीजल के मूल्यों में बदलाव

	नवंबर 2021 और अप्रैल 2024 के बीच मूल्यों में % बदलाव	
देश	पेट्रोल	डीजल
भारत (दिल्ली)	-13.65	-10.97
पाकिस्तान	44.98	43.65
बांग्लादेश	22.01	40.24
श्रीलंका	75.54	142.91
नेपाल	31.08	35.70

स्रोत: पेट्रोलियम योजना एवं विश्लेषण प्रकोष्ठ

भारत सरकार ने आम नागरिकों को उच्च अंतरराष्ट्रीय मूल्यों से बचाने के लिए कई अन्य कदम भी उठाए, जिनमें कच्चे तेल की आयात बास्केट में विविधता लाना, पेट्रोलियम उत्पादों के निर्यात पर अप्रत्याशित कर, घरेलू बाजार में पेट्रोल और डीजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सार्वभौमिक सेवा दायित्व के प्रावधानों को लागू करना, पेट्रोल में एथेनॉल का मिश्रण बढ़ाना आदि शामिल थे।

केंद्र सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर दो बार नवंबर 2021 और मई 2022 में केंद्रीय उत्पाद शुल्क में क्रमश: 13 रुपए/लीटर और 16 रुपए/लीटर की कमी की, जिसका लाभ पूरी तरह से उपभोक्ताओं को दे दिया गया था। कुछ राज्य सरकारों ने भी नागरिकों को राहत देने के लिए राज्य वैट दरें कम कर दीं। मार्च, 2024 में,ओएमसीज ने भी पेट्रोल और डीजल, प्रत्येक के खुदरा मूल्यों में 2 रुपये प्रति लीटर की कमी की। दिल्ली में पेट्रोल और डीजल का वर्तमान आरएसपी क्रमशः 94.72 रुपए और 87.62 रुपए प्रति लीटर है।

****